CMYK

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 128 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 27 अक्टूबर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## गहलोत ने अपने युवा डिप्टी को क्यों मारा?

### मदन राठौड़ बोले- बिहार में युवा नेतृत्व की बात, राजस्थान में युवाओं को कुचला

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ रविवार को जयपुर के एसएमएस इंडोर स्टेडियम में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा बैठक के बाद मीडिया से मुखातिब हुए । इस दौरान राठौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि गहलोत बिहार में जाकर युवा नेतृत्व की प्रशंसा करते हैं, लेकिन राजस्थान में अपने ही युवा उपमुख्यमंत्री को मारने का काम किया।

राठौड़ ने कहा गहलोत साहब युवाओं को आगे बढ़ाने की बात करते हैं, लेकिन अपने ही डिप्टी सीएम को नकारा, निकम्मा और हतोत्साहित क्यों कहा? क्यों 5 साल तक दोनों अपने-अपने विधायकों को लेकर बैठे रहते थे? अब जाकर युवा की बात करते हैं, लेकिन यहां युवाओं को दबाते हैं।

### गहलोत-पूर्व डिप्टी के बीच छिपा युद्ध अब भी जारी

मदन राठौड़ ने कहा कि गहलोत और उनके पूर्व डिप्टी के बीच आज भी छिपा हुआ युद्ध जारी है, जो सबके सामने है।

उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा वहां जाकर उपदेश देते हैं और यहां खुद ही आगे आना चाहते हैं।

### आपातकाल के दौरान कांग्रेस ने मीडिया की आवाज तक दबा दी



गहलोत द्वारा भाजपा सरकार पर संविधान की अवहेलना के आरोप का जवाब देते हुए राठौड़ ने पलटवार किया कांग्रेस ने एक बार नहीं, कई बार संविधान की हत्या की। देश की चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त किया। राम जन्मभूमि आंदोलन के समय हमारी पांच सरकारों को गिरा दिया गया।

उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान कांग्रेस ने मीडिया की आवाज तक दबा दी, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान को मस्तक पर रखा है।

राठौड़ बोले बंगाल में ममता बनर्जी जनता को परेशान कर रही हैं, फिर भी हमने राष्ट्रपति शासन नहीं लगाया। जबकि वहां की स्थिति उसके योग्य है।

गौरतलब है कि अशोक गहलोत ने हाल ही में राज्य में पंचायत और निकाय चुनाव नहीं करवाने पर कहा था कि भाजपा सरकार डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर रही है। इसके बाद राठौड़ ने जवाबी हमला बोला है ।

## उपखंड-तहसील पुनर्गठन में देरी, अब जनवरी तक बनेगी नई प्रशासनिक तस्वीर



**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राजस्थान में जिलों के पुनर्गठन के बाद अब उपखंड और तहसील मुख्यालयों का पुनर्गठन भी अटका हुआ है। सरकार की योजना थी कि यह काम अक्टूबर के दूसरे सप्ताह तक पूरा हो जाएगा, मगर समिति की रिपोर्ट अभी अधूरी है। सूत्रों के अनुसार, प्रक्रिया में दो से तीन माह की और देरी हो सकती है।

समिति दो या तीन तहसीलों पर एक उपखंड मुख्यालय बनाने का प्रस्ताव तैयार कर रही है। ऐसा हुआ तो राज्य में उपखंडों की संख्या घट सकती है।

राज्य सरकार ने इस साल अप्रैल में सेवानिवृत्त आईएएस ललित के. पंवार की अध्यक्षता में समिति गठित की थी। समिति में राजस्व सचिव, राजस्व मंडल के निबंधक और सेवानिवृत्त आरएएस राजनारायण शर्मा शामिल हैं।

समिति का कार्य जिलों, उपखंडों और तहसीलों की सीमाओं की समीक्षा कर नई प्रशासनिक इकाइयों की अनुशंसा करना है।

सरकार का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही नई अधिसूचना जारी की जाएगी। विशेषज्ञों के अनुसार, यह पुनर्गठन राज्य में प्रशासनिक दक्षता और सुशासन को नई दिशा देगा, लेकिन देरी से कई जिलों में कामकाज प्रभावित हो रहा है।

## बाड़मेर में घर में सो रहे दो भाई जिंदा जले, तीसरा गंभीर जोधपुर रेफर

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग से हुई मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ बाड़मेर ।**

जिले के जस्तानियों की ढाणी, भाड़खा गांव में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। एक ही कमरे में सो रहे तीन युवकों में से दो जिंदा जल गए, जबकि तीसरा गंभीर रूप से झुलस गया है। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया गया है। हादसे के बाद गांव में मातम छा गया।

### सुबह पांच बजे लगी आग, कमरे में सो रहे थे तीन युवक

जानकारी के अनुसार, देवीलाल रात को अपने भाई शंकरराम के घर पर ठहरे हुए थे। उनके साथ बेटा जसराम (21) भी था। रात में जसराम अपने चचेरे भाई अरुण (19) पुत्र शंकरराम और राजूराम (12) पुत्र पुरखाराम के साथ एक कमरे में सो गया।

रविवार सुबह करीब 5 बजे कमरे में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में लपटें पूरे कमरे में फैल गईं। परिवारजन और ग्रामीण जब तक मौके पर पहुंचे, तब तक आग भीषण रूप ले चुकी थी।

### दमकल ने पाया काबू, पर दो की जान नहीं बच सकी

ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचना दी। फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी , अरुण और राजूराम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जसराम गंभीर रूप से झुलस गया।

उसे तुरंत बाड़मेर जिला अस्पताल लाया गया, जहां से स्थिति नाजुक होने पर जोधपुर रेफर कर दिया गया।

### दीपावली पर घर आया था अरुण, छोटा भाई पढ़ता था सातवीं में

परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। देवीलाल की पत्नी का कुछ साल पहले निधन हो चुका है। मृतक



अरुण मुंबई में प्लास्टिक कप बनाने की फैक्ट्री में काम करता था और दीपावली मनाने के लिए गांव आया हुआ था। वहीं राजूराम सातवीं कक्षा में पढ़ता था। घटना के बाद पूरे गांव में गम का माहौल है। ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग की आशंका, जांच शुरू

ग्रामीण थानाधिकारी राजूराम बामणिया ने बताया कि प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही है। मौके से एफएसएल टीम साक्ष्य जुटा रही है। रिपोर्ट आने के बाद ही आग लगने के कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

घटना की जानकारी मिलते ही बाड़मेर एएसपी जसाराम बोस, डीएसपी रमेश कुमार शर्मा, तहसीलदार, पटवारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

### गांव में मातम, प्रशासन ने की मदद की घोषणा

हादसे के बाद भाड़खा गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

स्थानीय प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया है।

## टोलकर्मी से मारपीट पर कॉन्स्टेबल सस्पेंड हर महीने 50 हजार देने होंगे की धमकी सीसीटीवी में कैद

### सवाई माधोपुर एसपी ने लिया एक्शन



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाई माधोपुर ।**

जिले के बौंली थाना क्षेत्र में टोल प्लाजा पर पुलिसकर्मी की दबंगई का मामला सामने आया है। टोलकर्मी से मारपीट और हर महीने रुपए वसूलने की धमकी देने के आरोप में कॉन्स्टेबल राजपाल को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद एसपी अनिल कुमार बेनीवाल ने की।घटना 25 अक्टूबर की रात करीब 12:05 बजे की बताई जा रही है। शिकायत के अनुसार, कॉन्स्टेबल राजपाल अपने साथी बालकिशन गुर्जर के साथ बौंली टोल प्लाजा के कंट्रोल रूम में पहुंचा। वहाँ मौजूद सहायक मैनेजर फिरोज खान से शराब पीने के लिए 5 हजार रुपए की मांग की। फिरोज ने इनकार किया तो राजपाल और बालकिशन ने उसके साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की। शिकायत में फिरोज खान ने बताया कि राजपाल ने धमकी दी द्य अगर टोल प्लाजा चालू रखना है तो हर महीने 50 हजार रुपए देने होंगे, नहीं तो टोल नहीं चलने देंगे।

मौके पर मौजूद अन्य कर्मचारी रामसिंह, परसादी मीणा और सलमान ने बीच-बचाव किया, लेकिन दोनों आरोपी पुलिसकर्मी उन्हें भी धमकाते हुए चले गए।

पूरा घटनाक्रम टोल प्लाजा के ष्टष्टञ्जङ्क कैमरों में रिकॉर्ड हो गया। पीड़ित ने वीडियो और फुटेज अधिकारियों को सौंप दिए। फुटेज में कॉन्स्टेबल राजपाल को टोलकर्मी से अभद्रता और मारपीट करते हुए साफ देखा जा सकता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अनिल कुमार बेनीवाल ने तत्काल कॉन्स्टेबल राजपाल को निलंबित कर दिया। साथ ही मामले की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित की गई है। जांच की जिम्मेदारी सीओ बौंली को सौंपी गई है। वहीं साथी पुलिसकर्मी बालकिशन गुर्जर के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। एसपी बेनीवाल ने कहा कि किसी भी पुलिसकर्मी का ऐसा अनुशासनहीन और आपराधिक व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जांच पूरी तरह पारदर्शी होगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभागीय जांच में यह भी पता लगाया जाएगा कि आरोपी कॉन्स्टेबल राजपाल पहले भी किसी वसूली या विवाद में शामिल रहा है या नहीं। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।


## घर में घुसकर महिला पर हमला, हालत नाजुक , आरोपी फरार

### रात तीन बजे युवक ने दिया वारदात को अंजाम, बेटे ने बचाई जान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

सुभाष नगर थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है । शनिवार देर रात करीब तीन बजे एक युवक ने महिला पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को परिजनों ने महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी की पहचान कर ली है और उसकी तलाश जारी है।





घटना शिवनगर क्षेत्र की है। यहां रहने वाली आशा कंवर अपने घर में सो रही थी, तभी तड़के करीब तीन बजे एक युवक घर में घुस गया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने अंदर जाकर दरवाजा बंद किया और झगड़े के बाद धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले के दौरान महिला के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं।

महिला की चीखें सुनकर उसका बेटा और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्हें देखकर आरोपी वहां से भाग निकला।

घायल आशा कंवर को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि उसकी हालत अभी गंभीर है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान अजमेर निवासी नवीन (29) के रूप में हुई है। फिलहाल आरोपी फरार है।

हमले की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। पुलिस का कहना है कि यह मामला पुराने जान-पहचान या व्यक्तिगत विवाद से जुड़ा हो सकता है, जिसकी जांच की जा रही है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की धरपकड़ के लिए टीम गठित की है।

# महंत जोगी ने दंडवत यात्रा कर किए बाबा रामदेव के दर्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

छोटा रुणिजा धाम के गादीपति महंत हीरा लाल जोगी ने रविवार को रामदेवरा पहुंचकर श्री बाबा रामदेव की समाधि स्थल के दर्शन किए। उन्होंने समाधि स्थल से लगभग एक किलोमीटर की दूरी से दंडवत यात्रा करते हुए बाबा के चरणों में नतमस्तक होकर पूजा-अर्चना की। दर्शन के दौरान रामदेवरा पुजारी परिषद के पदाधिकारी एवं सुरक्षा कर्मी भी उनके साथ रहे और उन्हें समाधि स्थल तक पहुंचने में सहयोग किया।

महंत हीरा लाल जोगी ने बताया कि



यह दंडवत यात्रा जगत कल्याण और लोकमंगल की भावना से प्रेरित होकर की गई है।

# दिनदहाड़े लाखों की चोरी: करेड़ा के बेमाली गांव में घर से उड़ाए सोने-चांदी के गहने और नकदी

**भीलवाड़ा फोकस @ करेड़ा ।**

थाना क्षेत्र के बेमाली गांव में रविवार को दिनदहाड़े हुई चोरी की घटना से ग्रामीण दहशत में आ गए । रविवार सुबह खेत गए परिवार के घर से सोने-चांदी के गहनों और नकदी सहित लाखों रुपए का माल पार हो गया। पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में तीन युवक पल्सर बाइक पर आते हुए दिखाई दिए हैं।



बेमाली निवासी सत्यनारायण माली ने थाने में दी रिपोर्ट में बताया है कि रविवार सुबह करीब 10 बजे वे खेत पर गए हुए थे। उस वक्त घर पर कोई नहीं था। दोपहर करीब 1 बजे छोटे भाई की पत्नी लौटीं तो मुख्य दरवाजा खुला और ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो कमरा अस्त-व्यस्त और अलमारी खुली हुई थी।

जांच करने पर पता चला कि अलमारी से लगभग एक किलो चांदी के गहने , कंदोरा, पायल, कातरिया, बिछिया और चांदी का बोर साथ ही करीब दो तोला सोने के तीन मादलिया और 50 हजार रुपए नकद चोरी हो गए। इसके अलावा तिरुपति बालाजी की तस्वीर वाले सिक्कों से भरी थैली भी गायब थी। चोरी की जानकारी मिलते ही परिजनों ने आसपास पूछताछ की और सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में तीन संदिग्ध युवक एक काली पल्सर बाइक पर आते और कुछ देर बाद वापस लौटते दिखाई दिए। करेड़ा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम आसपास के गांवों में भी संदिग्धों की तलाश कर रही है।

# रेल हादसे में मजदूर की मौत : रविवार को हुई पहचान, तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया



**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल ।**

रेलवे ट्रैक पार करते समय शनिवार दोपहर एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। रविवार सुबह परिजनों के पहुंचने पर मृतक की पहचान लक्ष्मीपुरा निवासी देवीलाल (34) पुत्र बाबूलाल राव के रूप में हुई। देवीलाल रोजाना मजदूरी के लिए भीलवाड़ा आता-जाता था। हादसे में परिवार का एकमात्र सहारा छिन गया।

मांडल थाना क्षेत्र के भीलवाड़ा-अजमेर रेलमार्ग पर शनिवार दोपहर ग्रामीणों ने ट्रैक किनारे एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव देखा। सूचना पर मांडल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव के पास कोई पहचान दस्तावेज नहीं मिलने पर उसे मोर्चुयूरी में रखवाया गया। पुलिस की पूछताछ और ग्रामीणों की मदद से मृतक की पहचान देवीलाल के रूप में हुई। बताया गया कि वह रोजाना मजदूरी के लिए भीलवाड़ा आता-जाता था। शनिवार को लौटते समय ट्रैक पार करते वक्त वह ट्रेन की चपेट में आ गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

देवीलाल तीन बच्चों का पिता था। रविवार सुबह जब परिजन मोर्चुयूरी पहुंचे तो कोहराम मच गया। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

मांडल थाना पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हादसा ट्रेन की चपेट में आने से हुआ प्रतीत होता है। एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया है ताकि सटीक कारणों की पुष्टि की जा सके। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

# जोगणिया माता दरबार में आरएसएस के शताब्दी वर्ष का गृह संपर्क अभियान प्रारंभ


**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गृह संपर्क अभियान का शुभारंभ रविवार को श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ में मां के दरबार में आशीर्वाद लेकर किया गया। इस अवसर पर बेगू खंड के संघ कार्यकर्ता माता के दरबार पहुंचे और अभियान की जानकारी साझा की।

कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने पत्रक और पुस्तिकाएं मां के चरणों में भेंट कर अभियान का शुभारंभ किया। पत्रक में 100 वर्ष की संघ यात्रा, भारत माता का चित्र और संघ से संबंधित चार प्रमुख पुस्तकें संघ यात्रा संगठन व सेवकों के 100 वर्ष, गुरु गोविंद, प्रातः स्मरणीय महाराणा प्रताप समरसता का संघ और डॉ. भीमराव अंबेडकर शामिल हैं।

संघ के स्वयंसेवक इन पत्रकों और पुस्तिकाओं को प्रत्येक हिंदू परिवार तक पहुंचाकर संघ की विचारधारा, स्थापना पद्धति, सेवा कार्यों और संघ के पांच परिवर्तन के लक्ष्यों से परिवारों को अवगत कराएंगे।

इस अवसर पर श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ प्रबंध विकास संस्थान के पदाधिकारी सुरेश टेलर, रामचंद्र



लकी, भूरालाल धाकड़ सहित जिला एवं खंड टोली के सदस्य उपस्थित रहे। दरबार में पहुंचे सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।

# सबका साथ-सबका विकास के संकल्प के साथ पारोली में विधायक मीणा ने किया कई विकास कार्यों का लोकार्पण

**भीलवाड़ा फोकस @ पारोली ।**

क्षेत्र में विधायक गोपीचंद मीणा ने रविवार को करीब 45 लाख रुपये की लागत से पूर्ण हुए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में विधायक मीणा ने कहा कि पारोली सहित समूचे क्षेत्र में विकास की गति अब किसी भी सूरत में रुकने वाली नहीं है। भाजपा सरकार 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के मंत्र पर कार्य कर रही है और जनता के सहयोग से गांवों की दशा और दिशा दोनों बदल रही है।

कार्यक्रम के दौरान विधायक मीणा ने पंडित दीनदयाल बस स्टैंड पर नवनिर्मित आधुनिक सुलभ कॉम्प्लेक्स, बड़ा खाल की पुलिया, फेसवाल निर्माण तथा भील बस्ती



माताजी, बीड़ के बालाजी और गढ़गहूली माताजी मंदिरों पर बने विश्रांति गृहों का उद्घाटन किया। इस मौके पर बस स्टैंड परिसर में आयोजित समारोह में ग्रामीणों ने विधायक मीणा का भव्य स्वागत किया। विधायक मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि विपक्ष ने हमेशा विकास को रोकने का प्रयास किया, लेकिन भाजपा सरकार ने गांव-गांव तक विकास की गंगा बहाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पारोली में अब हर घर तक मूलभूत सुविधाएं पहुँचाना प्राथमिक लक्ष्य है। विधायक ने मौके पर लक्ष्मीपुरा स्थित मुरड़ी के बालाजी मंदिर पर 10 लाख रुपये की लागत से विश्रांति गृह निर्माण करवाने की घोषणा भी की।

कार्यक्रम में प्रधान करण सिंह ने कहा कि अब विकास कार्यों में धन की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी और हर पंचायत में समान रूप से काम होगा। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचें।

कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य जमनालाल डीडवानिया, मंडल अध्यक्ष दुर्गा लाल धाकड़, विनोद संचेती, सीआर जमनालाल डीडवानिया, प्रशासक शिमला देवी संचेती, उपाध्यक्ष दुर्गेश गुगलिया, बांध समिति अध्यक्ष सीताराम थानीवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# चावंडिया में सीपीएल 3 का शुभारंभ, जगदंबा टाइटंस का रहा दबदबा



**भीलवाड़ा फोकस @ उदलियास।**

चावंडिया की में रविवार को ईडन गार्डन खेल मैदान में चावंडिया प्रीमियर लीग (सीपीएल-3) का शुभारंभ हुआ। क्रिकेट के इस स्थानीय महाकुंभ में गांव की कुल पांच टीमें जगदंबा टाइटंस, सगस स्ट्राइकर, बालाजी सुपर किंग्स, चारभुजा रॉयल्स और श्याम सुपरहीरोज हिस्सा ले रही हैं।

उद्घाटन समारोह में चामुंडा माता विकास समिति के सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में समिति अध्यक्ष संदीप मानसिंहका, पूर्व अध्यक्ष एवं शिक्षाविद कन्हैयालाल शास्त्री, वरिष्ठ सदस्य सुभाष ओझा, गांव के सिंगर एवं डीजे किंग प्रेम शंकर जाट, लोकेश ओझा और महावीर पुरोहित उपस्थित रहे। पहले दिन कुल चार रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिनमें जगदंबा टाइटंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा बनाए रखा। दर्शकों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और पूरे दिन मैदान में उत्साह का माहौल रहा।



## QUICK BITES

## क़ाज़ी वेलफेयर सोसाइटी का पहला रक्तदान शिविरः 50 यूनिट रक्त संग्रहित, दाताओं का सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



संगानेर रोड स्थित दाई हलीमा हॉस्पिटल में रविवार को भीलवाड़ा क़ाज़ी वेलफेयर सोसाइटी की ओर से पहला रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मानवता की मिसाल पेश की। सोसाइटी के प्रवक्ता मोहम्मद नदीम क़ाज़ी ने बताया कि समाज के इस प्रथम प्रयास में कुल 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। सभी रक्तदाताओं का सम्मान करते हुए उन्हें ऑनेस्ट ब्लड सोसाइटी की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान सोसाइटी के अध्यक्ष कलीम क़ाज़ी ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान मानवता के मार्ग पर चलने वाला सबसे बड़ा पुनीत कार्य है, जिसके माध्यम से हम किसी को जीवनदान दे सकते हैं।

कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष कलीम क़ाज़ी ने किया। इस अवसर पर सरपरस्त मोहम्मद युसुफ़ क़ाज़ी, सेक्रेटरी नजमुद्दीन क़ाज़ी, नायब सेक्रेटरी मोहम्मद मुस्तकीम क़ाज़ी, खजांची तुफैल अहमद क़ाज़ी, मुन्ना क़ाज़ी, इफ्तिखार अली क़ाज़ी, जावेद क़ाज़ी, अमीनुद्दीन क़ाज़ी, शाकिर अख्तर क़ाज़ी, सुहैल अहमद क़ाज़ी, मुमताजुद्दीन क़ाज़ी, अमानुद्दीन क़ाज़ी सहित समाज के कई सदस्य उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय दीनी इज्तिमा संपन्न, युवाओं को समाज में अच्छाई फैलाने की प्रेरणा

भीलवाड़ा फोकस @ बिगोद ।



स्थानीय नगर में तीन दिवसीय तबलीगी जमात का इज्तिमा रविवार को सम्पन्न हुआ। राजस्थान के सदर हजरत मौलाना चिरागुद्दीन ने बताया कि ऐसे इज्तिमात केवल इबादत का माध्यम नहीं होते, बल्कि भाईचारे को मजबूत करने और धार्मिक शिक्षा को आगे बढ़ाने का अवसर भी प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि इज्तिमा से ईमान को मजबूती मिलती है और समाज में सकारात्मक बदलाव आता है। युवाओं को समाज में अच्छाई फैलाने की प्रेरणा भी मिलती है।

मरकज इमाम मौलाना अब्दुल वहाब ने बताया कि तीन दिवसीय इज्तिमा अमन, भाईचारे और देश की खुशहाली के लिए दुआ के साथ संपन्न हुआ। इस इज्तिमा में बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# मांडल में रोडवेज बसों की मनमानी से यात्रियों की परेशानी बढ़ी

## स्टैंड छोड़ हाईवे पर उतारते हैं बस चालक, नेताओं की उपेक्षा से ग्रामीणों में आक्रोश

भीलवाड़ा फोकस @ मांडल ।

कस्बे में आज भी परिवहन की बुनियादी सुविधा न मिलने से ग्रामीण परेशान है। प्रदेश के डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा के प्रभारी मंत्री होने और मुख्यमंत्री सहित कई मंत्रियों के इस मार्ग से लगातार आवागमन के बावजूद राजस्थान रोडवेज बसों की मनमानी पर कोई अंकुश नहीं लग पाया है।

### बस स्टैंड छोड़ हाईवे और बाईपास पर उतारते हैं यात्री

यात्रियों ने आरोप लगाया है कि रोडवेज बसें मांडल बस स्टैंड तक नहीं आतीं, बल्कि सीधे नेशनल हाईवे या बाईपास पर रोककर यात्रियों को उतार देती हैं।

इस वजह से बुजुर्ग, महिलाएं, दिव्यांगजन और छोटे बच्चों को डेढ़ से तीन किलोमीटर तक पैदल चलकर कस्बे तक पहुंचना पड़ता है।



ग्रामीणों ने कहा कि सुनसान रास्तों पर उतरने से महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा पर सवाल उठते हैं। विरोध करने पर चालक और परिचालक अभद्र व्यवहार करते हैं और बीच रास्ते यात्रियों को उतार देते हैं।

### ओवरब्रिज और बाईपास से निकल जाती हैं अधिकांश बसें

पाली, ब्यावर, जोधपुर, आसींद, बदनोर, देवली, शाहपुरा, करेड़ा, बागौर और गंगापुर जैसे प्रमुख रूट की बसें मांडल कस्बे के अंदर न जाकर सीधे ओवरब्रिज और बाईपास से गुजर जाती हैं।

इसी तरह जयपुर से आने-जाने वाली बसें भी मांडल चौराहे पर ठहरने के बजाय ओवरब्रिज से सीधे निकल जाती हैं, जिससे यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ती है।

### फोरलेन बनने के बाद और बिगड़ी स्थिति

ग्रामीणों का कहना है कि फोरलेन और ओवरब्रिज बनने के बाद से यह समस्या और बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने कई बार भीलवाड़ा डिपो के अधिकारियों को लिखित व मौखिक शिकायतें दी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। सबसे ज्यादा दिक्कत रोजाना कॉलेज और कोचिंग जाने वाले विद्यार्थियों को हो रही है, जिन्हें आने-जाने में समय और सुरक्षा दोनों की चिंता रहती है।

### नेताओं की उपेक्षा पर ग्रामीणों में आक्रोश

ग्रामीणों ने कहा कि प्रभारी मंत्री और स्थानीय नेताओं की उपेक्षा के कारण मांडल की यह पुरानी समस्या जस की तस बनी हुई है। राष्ट्रीय हिन्दू भोज सेना अध्यक्ष गोपाल गुर्जर ने कहा कि राजनीतिक उपेक्षा छोड़कर मांडल और अजमेर चौराहे पर रोडवेज बसों का ठहराव सुनिश्चित किया जाए। जयपुर से आने वाली बसों को ओवरब्रिज से सीधा पार जाने के बजाय चौराहे पर रोकने का पाबंद किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# महुआ में राजीविका महिला आमसभा संपन्न





भीलवाड़ा फोकस @ महुआ

महावीर वैष्णव

राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परियोजना के तहत अन्नपूर्णा राजीविका महिला सहकारी समिति की आमसभा आयोजित हुई। सभा की अध्यक्षता लीला देवी प्रजापत ने की, जबकि मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अमित कुमार जोशी उपस्थित रहे।

दीप प्रज्वलन और सांस्कृतिक नृत्य के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने राजीविका योजना और समूह से जुड़कर लाभ लेने की जानकारी दी।

एफपीओ और लघु उद्योग के विस्तार, कृषि योजनाओं और नवाचार पर भी चर्चा हुई। सभा में 8 ग्राम पंचायत की 412 महिलाओं ने भाग लिया। ब्लॉक और क्लस्टर के पदाधिकारी, कृषि सखी, पशु सखी और स्वयं सहायता समूह की महिलाएँ भी उपस्थित रहीं।

# केकड़ी स्पोर्ट्स क्लब ने राज्य स्तरीय नर्सेज-पैरामेडिकल क्रिकेट टूर्नामेंट में दर्ज की लगातार दूसरी जीत

भीलवाड़ा फोकस @ सावर

(दिलखुश): राज्य स्तरीय नर्सेज-पैरामेडिकल क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन रविवार को केकड़ी स्पोर्ट्स क्लब ने मालपुरा लॉयन्स, टोंक को रोमांचक मुकाबले में 18 रनों से हराकर लगातार दूसरी जीत अपने नाम की।

टीम के कोच अरुण गर्ग और मैनेजर मदन लाल अलोरिया ने बताया कि मालपुरा लॉयन्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का



फैसला किया। केकड़ी टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 3 विकेट खोकर 80 रन बनाए। जवाब में मालपुरा लॉयन्स की टीम सिर्फ 61 रन ही बना सकी।

जयदीप चौहान ने 42 रनों की धमाकेदार पारी खेलकर मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता। कप्तान सुरेंद्र सिंह सोलंकी ने 19 रन बनाते हुए गेंदबाजी में भी 2 ओवर में 8 रन देकर 1 महत्वपूर्ण विकेट लिया। इसके अलावा दीपक साहू, संजय कहार और प्रवीण सेन ने भी 1-1 विकेट चटकाए।


मैच डीडब्ल्यूपीएस ग्राउंड, अजमेर में खेला गया। केकड़ी स्पोर्ट्स क्लब का अगला मुकाबला सोमवार को सीकर टीम से होगा।

# टंकी बालाजी मंदिर में भव्य छप्पन भोग का आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

टंकी के बालाजी मंदिर में श्री महेश बचत एवं साख समिति द्वारा रविवार को भव्य छप्पन भोग का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महापौर नगर निगम राकेश पाठक, जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती, ओम नराणीवाल, श्रीगोपाल राठी, केजी तोषनीवाल, राधाकृष्ण सोमानी, भेरुलाल काबरा, केदार गगरानी और संजय जागेटिया उपस्थित रहे। समिति संरक्षक




शांतिलाल डाड , आशा डाड, कोऑर्डिनेटर सुधा चांडक, महिला अध्यक्ष रीना डाड, मंत्री अनिता सोमानी और नारायण लाहोटी ने बताया कि बालाजी के भोग के साथ भजन का कार्यक्रम भी रखा गया।

पूरा प्रांगण फूलों से सजाया गया और सभी के लिए समान ड्रेस कोड था। कार्यक्रम में सुमन सोनी के भजनों पर सभी झूम उठे। इस अवसर पर खुशी देवपुरा, अलका लड्ढा, रंजना बिरला, उषा सोनी, मेघा सोमानी, दिनेश सोमानी, संदीप लड्ढा, महेश काबरा, सत्यनारायण मूंदड़ा, धीरज काबरा सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कथा माँ स्वरूप, जीवन में देती है विवेक और कल्याण : अशोक भाई

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ।
राजेन्द्र बबलू पोखरना ।

मुख्यालय स्थित बाड़ीया बालाजी मंदिर, सवाईपुर रोड पर आयोजित सत्संग के चौथे दिन अशोक भाई ने प्रवचन करते हुए कहा कि कथा माँ स्वरूप है। उन्होंने बताया कि कथा में विष्णु, ब्रह्मा और महेश निहित हैं और यह मनुष्य के दोषों का दर्शन कराते हुए जीवन में सतोगुण, तमोगुण और रजोगुण के संतुलन की शिक्षा देती है। अशोक भाई ने कहा कि कथा केवल इबादत का माध्यम नहीं है, बल्कि यह भाईचारे को मजबूत करने और धार्मिक शिक्षा को आगे बढ़ाने का अवसर भी देती है। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत, गीता और



रामचरितमानस मानव जीवन के लिए प्रयोगशास्त्र हैं। संत हमेशा क्रियाशील रहते हैं, मनुष्य कर्म करता है और भगवान लीला के माध्यम से जीवन को सार्थक बनाते हैं। प्रवचन में उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भगवान की प्राप्ति केवल मानव शरीर में संभव है और अन्य योनियों में नहीं। भगवान बिना किसी इंद्रिय के रहते हैं और भक्तों की भावना के अनुरूप दर्शन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि बिना सत्संग के विवेक नहीं आता, इसलिए जीवन को सफल बनाने के लिए कथा का श्रवण और उसका पालन आवश्यक है।

कथा के चौथे दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भक्तों की मांग पर गोपालाष्टमी 30 अक्टूबर तक प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक कथा का आयोजन जारी रखने की स्वीकृति दी गई। उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रभु के जयकारों के साथ अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

# बड़लियास थाना में करंट से बचाव कार्यशाला आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव): क्षेत्र के बड़लियास थाना परिसर में रविवार को करंट से बचाव हेतु संयुक्त कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में सेवानिवृत्त अभियंता विनोद शर्मा और छगन सिंह चौधरी ने पुलिसकर्मियों, सीएलजी सदस्यों और ग्रामीणों को बिजली करंट से बचाव और आपातकालीन उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विनोद शर्मा ने बताया कि बिजली



खंभों, ट्रांसफार्मर और लाइनों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें, बारिश में तारों और खंभों के पास न जाएँ, घर में उच्च गुणवत्ता वाले उपकरण और अर्थिंग का उपयोग करें। करंट लगने की स्थिति में बिजली सप्लाई बंद करके लकड़ी से सुरक्षित तरीके से व्यक्ति को अलग करें और तुरंत अस्पताल ले जाएँ। कार्यशाला में सीआई घनश्याम मीणा, व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष केपी सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। थाना प्रभारी देवराज सिंह ने विशेषज्ञों और प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम का दीपावली स्नेह मिलन समारोह संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

दीपावली के पावन अवसर पर तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, भीलवाड़ा शाखा द्वारा दीपावली स्नेह मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रांच अध्यक्ष सपना कोठारी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सेंट्रल जोन अध्यक्ष लक्ष्मीलाल गांधी, फ्यूचरा कन्वेनर सिद्धार्थ जैन और पूर्व राष्ट्रीय सह मंत्री नवीन वागरे उपस्थित रहे।

समारोह में पारंपरिक संगीत, संवाद



और मनोरंजक कपल गेम्स का आयोजन हुआ। अंकुर व दिव्या बोरदिया ने प्रथम और विनोद व स्नेहलता पितलिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रमाण पत्र और पारितोषिक से सम्मानित किया गया। सदस्यों ने अनुभव साझा किए और आयोजन को समाज और संगठन में स्नेह, सहयोग व सहभागिता बढ़ाने वाला बताया। समारोह में संयोजक अरिहंत नैनावटी, सोनल मारू, शैफाली कोठारी तथा गेम्स संयोजक रीना बाफना, स्वीटी नैनावटी, पूजा चंडालिया और सुरभी टोडरवाल का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में भीलवाड़ा ब्रांच के पूर्व अध्यक्ष, संरक्षक और बड़ी संख्या में प्रोफेशनल सदस्य एवं परिवारजन उपस्थित रहे।

# भाजपा का आत्मनिर्भर संकल्प अभियान और बूथ अध्यक्ष सम्मान समारोह संपन्न

**अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल रहीं मुख्य अतिथि, विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश**





भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को मांडलगढ़ में आयोजित आत्मनिर्भर संकल्प अभियान, बूथ अध्यक्ष सम्मान समारोह और दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं में नया उत्साह देखने को मिला। आयोजन में अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल मुख्य अतिथि रहीं, जबकि कार्यक्रम की अगुवाई मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने की।

कार्यक्रम में भाजपा बूथ अध्यक्षों और शक्ति केंद्र कार्यकर्ताओं को संगठन की रीढ़ मानते हुए समर्पण और सेवाभाव के लिए मंच पर सम्मानित किया गया।

**खंडेलवाल बोले बूथ अध्यक्ष ही पार्टी की धुरी, आत्मनिर्भर मांडलगढ़ हमारा लक्ष्य**

विधायक गोपाल खंडेलवाल ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा बूथ अध्यक्ष हमारी पार्टी की धुरी हैं। केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य यही कर्मठ कार्यकर्ता करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना प्रधानमंत्री का नहीं, बल्कि हर भाजपा कार्यकर्ता का संकल्प है।

हमें शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर मांडलगढ़ का निर्माण करना है। क्षेत्र का विकास ही हमारा सबसे बड़ा दीपावली संकल्प है।

खंडेलवाल ने दीपावली स्नेह मिलन के महत्व पर बोलते हुए कहा कि यह आयोजन संगठनात्मक एकता और पारिवारिक भावना को मजबूत करने का अवसर देता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण और क्षेत्रीय विकास में भागीदारी का आह्वान किया।

**मुख्य अतिथि भदेल ने कार्यकर्ताओं की भूमिका को सराहा**

मुख्य अतिथि अनिता भदेल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भाजपा के प्रत्येक बूथ अध्यक्ष और कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि संगठन की शक्ति ही पार्टी की पहचान है और ऐसे कार्यक्रम पार्टी को जनसेवा के और करीब लाते हैं।

**सैकड़ों कार्यकर्ता रहे मौजूद, एकता और सेवा का लिया संकल्प**

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, पूर्व विधायक बद्री गुरुजी, उप जिला प्रमुख शंकर गुर्जर, पूर्व प्रधान राधा देवी, नगरपालिका अध्यक्ष संजय डांगी, जिला उपाध्यक्ष विशाल गुरुजी, जिला मंत्री ललिता कंवर राणावत, उप प्रधान कैलाश सुथार सहित सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

# बाबा श्याम का 31 को धूमधाम से मनाया जाएगा जन्मोत्सव

**भव्य संकीर्तन, श्रृंगार दर्शन, इत्र और पुष्प वर्षा बनेगी आकर्षण का केंद्र**

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।

बाबा श्याम का पावन जन्मोत्सव कस्बे में बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह भक्ति आयोजन 31 अक्टूबर, शुक्रवार को पुराना राजकीय बालिका विद्यालय, बस स्टैंड गुरला परिसर में आयोजित होगा।

आयोजन समिति ने बताया की इस अवसर पर भव्य संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आकर्षक श्रृंगार दर्शन, इत्र वर्षा और पुष्प वर्षा के बीच बाबा श्याम का जन्मोत्सव पूरे हर्षोल्लास से मनाया जाएगा।

भक्तों को भक्ति रस में सराबोर करने के लिए निंबाहेड़ा के प्रसिद्ध भजन गायक अखिलेश ठाकुर, गुरला के सी.पी. तिवाड़ी, तथा सुरभी दाधीच और गोविंद दाधीच अपने मधुर भजनों के माध्यम से बाबा श्याम का गुणगान करेंगे।

# कोठारी बांध जल वितरण समिति की बैठक कल

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद:

जल संसाधन विभाग, प्रथम खंड भीलवाड़ा की ओर से रबी फसल वर्ष 2025-26 के लिए जल वितरण व्यवस्था तय करने हेतु कोठारी बांध की जल वितरण समिति की बैठक मंगलवार, को सुबह 11:30 बजे रेस्ट हाउस, कोठारी बांध में आयोजित की जाएगी।

अधिशासी अभियंता जल संसाधन खंड प्रथम भीलवाड़ा ने बताया कि बैठक में सिंचाई परियोजना में उपलब्ध जल की स्थिति, रबी फसलों की आवश्यकता और जल वितरण की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। बैठक में विभागीय अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, जल उपभोक्ता संगम के अध्यक्ष एवं सदस्य, किसान प्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस बैठक में रबी सीजन में किसानों को पर्याप्त सिंचाई जल उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे।

# समाधि पूजन के दौरान अखाड़ा प्रदर्शन, करतबों ने दिखाई अद्भुत कला

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



(सांवर वैष्णव): कस्बे के निकटवर्ती बन का खेड़ा गांव में रविवार को आयोजित समाधि पूजन के कार्यक्रम के दौरान अखाड़ा प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर भगवान दास वैष्णव ने बताया कि गत दिनों बद्री दास वैष्णव का निधन हुआ था, और उनकी स्मृति में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्री बालाजी अखाड़ा फूलिया कला छोटू लाल गुर्जर दल ने अखाड़ा प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कलाकारों ने विभिन्न करतब दिखाए, जिन्हें देखकर उपस्थित लोग दांतों तले अंगुली दबाने को मजबूर हो गए। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और उन्होंने कलाकारों के अद्भुत प्रदर्शन की प्रशंसा की।

# काशीपुरी धाम में अनकूट महोत्सव भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



काशीपुरी धाम स्थित श्री श्याम मंदिर में रविवार को आयोजित अन्नकूट महोत्सव श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति और भक्तिमय माहौल के बीच संपन्न हुआ। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और चारों ओर श्याम बाबा की जय के जयकारे गूंजते रहे।

श्री श्याम सेवा समिति काशीपुरी धाम के अध्यक्ष सुरेश पौधार ने बताया कि इस पावन अवसर पर सैकड़ों श्याम प्रेमियों ने बाबा के दर्शन और प्रसाद ग्रहण किया। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था, और सेवा समिति के सभी कार्यकर्ता आयोजन की व्यवस्थाओं में पूरी लगन और समर्पण के साथ लगे रहे।

समिति की ओर से सभी श्रद्धालुओं का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया और बाबा श्याम से सबके कल्याण की कामना की गई। काशीपुरी धाम में दिनभर भक्ति, उत्साह और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुदित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।